आ0सं0:-भवन-13/अभि0प्र0(नि0)-03-निलंबन/कालीकृत-01/2022..................दिनांक-

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

# आदेश

श्री टुनटुन यादव, पिता-स्व० अर्जुन यादव, ग्राम-खाजे एतवार सराय, पो०-रोहतास, थाना-रहुई, जिला-नालन्दा, बिहारशरीफ, पिन-803118 द्वारा मुख्यमंत्री खेल विकास योजना अन्तर्गत मधेपुरा जिला के कुमार खण्ड प्रखण्ड के देव नारायण उच्च विद्यालय, रानीपट्टी में स्टेडियम का निर्माण कार्य समय पर पूर्ण नहीं करने के कारण कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, मधेपुरा के ज्ञापांक-105 दिनांक-19.01.2022 द्वारा संवेदक को दोषी मानते हुए इनके विरूद्ध बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी।

दिनांक-25.02.2022 को अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव की अध्यक्षता में कालीकरण/निलंबन संबंधी बैठक में विचार किया गया तथा विचारोपरान्त समिति के द्वारा इस संबंध में संवेदक से स्पष्टीकरण पूछने का निर्णय लिया गया। तत्पश्चात् विभागीय पत्रांक-1742 दिनांक-09.03.2022 द्वारा संवेदक से स्पष्टीकरण की मांग की गयी, परन्तु संवेदक से स्पष्टीकरण का जवाब अप्राप्त ।

दिनांक-07.04.2022 को अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव की अध्यक्षता में कालीकरण/निलंबन संबंधी बैठक हुई जिसमें संवेदक को स्पष्टीकरण हेतु स्मारित करने तथा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से भी सूचित करने का निर्णय लिया गया । तदनुसार विभागीय पत्रांक-2820 दिनांक-19.04.2022 द्वारा संवेदक को स्मारित किया गया एवं विभागीय पत्रांक-2868 दिनांक-21.04.2022 द्वारा संवेदक को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से भी सूचित किया गया । जिसके आलोक में संवेदक द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया।

दिनांक-27.05.2022 को अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, पटना की अध्यक्षता में आयोजित संवेदकों के निलंबन/कालीकरण संबंधी बैठक में इस मामले पर विचार किया गया तथा विचारोपरांत संवेदक से प्राप्त स्पष्टीकरण को अस्वीकार करते हुए समिति द्वारा संवेदक के निबंधन को तीन वर्षों के लिए निलंबित करने का निर्णय लिया गया ।

अतः संवेदक श्री टुनटुन यादव, पिता-स्व० अर्जुन यादव, ग्राम-खाजे एतवार सराय, पो०-रोहतास, थाना-रहुई, जिला-नालन्दा, बिहारशरीफ, पिन-803118 के निबंधन सं०-द्वितीय(व्यक्तिगत)-85(भवन)/2016 को आदेश निर्गत होने की तिथि से तीन वर्षों के लिये निलंबित किया जाता हैं।

ह0/-

(राकेश कुमार)

अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव

ज्ञापांक-भवन-13/अभि०प्र०(नि0)-03-निलंबन/कालीकृत-01/2022 पटना,दिनांक-

स्पीडपोस्ट

प्रतिलिपिः-अतः संवेदक श्री टुनटुन यादव, पिता-स्व० अर्जुन यादव, ग्राम-खाजे एतवार सराय, पो०-रोहतास, थाना-रहुई, जिला-नालन्दा, बिहारशरीफ, पिन-803118 के निबंधन सं०-द्वितीय(व्यक्तिगत)-85(भवन)/2016 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/-

अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव

ज्ञापांक- भवन-13/अभि0प्र0(नि0)-03-निलंबन/कालीकृत-01/2022........ पटना,दिनांक-

प्रतिलिपिः-सचिव के आप्त सचिव, भवन निर्माण विभाग,/अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव के आप्त सचिव, भवन निर्माण विभाग/पथ निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थय अभियंत्रण विभाग/नगर विकास विभाग/ऊर्जा विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/प्रबंध निदेशक बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना/मुख्य महाप्रबंधक(परियोजना), बिहार चिकित्सा सेवायें एवं आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल, उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना/सभी मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग/मुख्य अभियंता योजना एवं विकास विभाग/मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन-निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/-

अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव

ज्ञापांक- भवन-13/अभि0प्र0(नि0)-03-निलंबन/कालीकृत-01/2022 4339 (भ) पटना,दिनांक 27/6/22

प्रतिलिपिः-आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग को विभागीय वेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

24/6/22

अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव

966

Sec-13 Prakash